प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनाँक- 01.12.2024

- **जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना राजपुर पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) को मिली सफलता।**
- **साइबर अपराधी द्वारा शिकायतकर्ता को फ्रर्जी मैसेज भेजकर तथा रिश्तेदार बनकर 46009 रुपये की साइबर ठगी की गयी तथा एक अन्य शिकायतकर्ता का 20,000 रूपये गलती से दुसरे नम्बर पर चले सम्बन्धी दर्ज करायी गयी थी शिकायत।**
- **साइबर हेल्प डेस्क थाना राजपुर ने दोनों शिकायतकर्ताओं द्वारा दर्ज करायी गयी शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए कुल धनराशि 46009 रुपये को वापस कराया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्रीमान बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्वन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता शिवकुमार पुत्र स्व0 मानिक चन्द निवासी ग्राम सिलहरा थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात दिनांक 27.11.2024 को फ्राडर द्वारा फर्जी मैसेज व कॉल करके फ्राड तरीके से 46009 /-रूपये की साइबर ठगी की गयी। जिसके सम्बन्ध में आवेदक शिवकुमार उपरोक्त ने दिनांक 27.11.2024 को साइबर हेल्पलाइन नं0 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराई थी। साइबर हेल्प डेस्क थाना राजपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर अपराधी के वॉलेट/ बैंक अकाउंट को डेबिट फ्रीज कराया गया एवं दिनांक 28.11.2024 को शिकायतकर्ता के बैंक खाते में कुल धनराशि 26009/- रुपये वापस कराये गये तथा बचे हुए पैसो को वापस कराने के लिए आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में एक अन्य शिकायतकर्ता संजीव पुत्र भीष्मकान्त निवासी कस्बा व थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा दिनांक 30.10.2024 उनके मोबाइल द्वारा फोनपे से गलत नम्बर पर रुपये चले जाने सम्बन्धी शिकायत दर्ज करायी थी, साइबर हेल्प डेस्क थाना राजपुर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए विपक्षी के वॉलेट बैंक अकाउंट से 20000 रूपये शिकायतकर्ता के खाते में वापस कराये गये। साइबर सेल थाना राजपुर पुलिस की त्वरित कार्यवाही से शिकायतकर्ताओं ने थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात पुलिस को धन्यवाद दिया।

खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in शिकायत दर्ज करे

वापस करायी गयी धनराशि-

46009 रूपये

धनराशि वापस कराने वाली पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष श्री दिनेश कुमार गौतम थाना राजपुर,
2. का0 636 शिवप्रकाश पाल साइबर हेल्प डेस्क थाना राजपुर,